आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 19.06.2024 समय : 02.10pm

पीएम-नालंदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने नये परिसर में एक पट्टिका का अनावरण करने के साथ एक पौधा भी लगाया। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा और अन्य प्रतिनिधि नए परिसर में मौजूद थे। इस कार्यक्रम में 17 देशों के राजदूत भी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने नालंदा दौरे से पहले, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, "यह हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए एक बहुत ही विशेष दिन है। नालंदा का हमारे गौरवशाली अतीत के साथ एक मजबूत संबंध है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

सिकल सेल उपराष्ट्रपति

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर आज उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ डिण्डौरी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है. जनजातीय समाज हमारी पहचान है, उप राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार सिकल सेल बीमारी के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 को जब देश अपनी आज़ादी के सौ साल पूरे करेगा तब तक देश सिकल सेल बीमारी से मुक्त भी होगा।

उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी का उपचार आयुष्मान कार्ड में शामिल कर सरकार ने इस बीमारी के खात्मे का संकल्प साबित कर दिया है. उन्होंने कहा की हमारे संविधान में जनजातीय समुदायों के लिए कई विशेष प्रावधान हैं लेकिन बीते दस सालों में इन्हें अमली जामा पहनाने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी है।
उपराष्ट्रपति ने इस बीमारी से जुडी भ्रांतियों को और दुष्प्रचार को रोकने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि यहाँ हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम इसे भविष्य का निर्माण करें जिसमें इस बीमारी का कोई स्थान न हो।

इस अवसर पर श्री धनखड़ ने उपराष्ट्रपति भवन में हर्बल गार्डन स्थापित करने की घोषणा की. उन्होंने कहा की इस गार्डन में डिंडोरी और मप्र की वनस्पतियों का खास स्थान रहेगा।

शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की पत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ , राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे ।

सिकल सेल प्रदेश

डिंडौरी के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी विश्व सिकल सेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। गुना में जिला पंचायत विश्रामगृह में विधायक पन्नालाल शाक्य, कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह, सहित कई हितग्राहीगण भी उपस्थित रहे।

धार जिला प्रशासन द्वारा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासकीय पी. जी. कॉलेज पर किया कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न विभाग जनजागरूकता के उदेश्य से मैदानी स्तर पर चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

बर्ड फ्लू कार्यशाला

भोपाल में आज से बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में बर्ड फ्लू से संबंधित वैज्ञानिक परिचर्चा की जा रही है। साथ ही अन्य नई बीमारियों और जुनेटिक डिजीज के परिपेक्ष में भी वन हेल्थ के विषय पर गहन चर्चा की जाएगी। कार्यशाला का आयोजन वर्ल्ड बैंक और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

कार्यशाला में भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग सचिव सहित असम, उड़ीसा, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र तथा दिल्ली से भी विशेषज्ञ शामिल हो रहे है।

मौसम बोवनी

प्रदेश में कई स्थानों पर मानसून पूर्व की बारिश का दौर लगातार जारी है। बैतूल जिले में प्री मानसून की बारिश के बाद ही किसानों ने बोवनी शुरू कर दी है। इस बीच कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने कहा कि लगभग 4 इंच बारिश होने के बाद मौसम की अनुकूलता को देखते हुए बोवनी करनी चाहिए। जिले में जिन ब्लाक में दो इंच से कम बारिश हुई है वहां किसान मक्का और धान की बोवनी कर रहे है। जहां ३ इंच के आसपास बारिश हो चुकी है वहां किसान धान, मक्का के साथ सोयाबीन की बोवनी भी करने लगे है।

टी-20 विश्वकप

टी20 क्रिकेट विश्वकप प्रतियोगिता में आज से सुपर-8 मुकाबलों का दौर शुरू हो रहा है। इस दौर के सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे। सुपर-8 का पहला मुकाबला आज अमरीका और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। भारत अपना पहला मैच कल अफगानिस्तान के साथ खेलेगा।

प्रतियोगिता के इस चरण के लिए आठ टीमें चुनी गई हैं। पहले समूह में भारत, ऑस्ट्रेलिया अफगानिस्तान और बांग्लादेश हैं, जबकि दूसरे समूह में अमरीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका हैं।

हर समूह की दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल के लिए चुनी जाएंगी। सुपर 8 में सभी टीमों को तीन मैच खेलने होंगे और सेमीफाइनल में पहुचने के लिए दो मैचों में जीत जरूरी होगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीम विश्व कप से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीमें बारबाडोस में 29 जून को होने वाले फाइनल मुकाबले में भिडेंगी।

....